समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# 4 चंद्रिका टंडन ने ग्रैमी पुरस्कार जीता ; भारतीय-अमेरिकी.......

Publisher
Published on 04 Feb 2025

**चंद्रिका टंडन एक वैश्विक व्यापार कार्यकारी है और उनकी छोटी बहन इंद्रा नूयी है, जो पेप्सिको की पूर्व सीईओ है।**

**नई दिल्ली : भारतीय-अमेरिकी गायिका** और **उद्यमी चंद्रिका टंडन** ने रविवार को आयोजित **67वे ग्रैमी पुरस्कार** समारोह में **सर्वश्रेष्ठ एल्बम** का पुरस्कार जीता। लॉस एंजिल्स में आयोजित इस कार्यक्रम में उनके एल्बम '**त्रिवेणी**' को '**न्यू एज, एम्बिएंट ऑर चैट**' श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ एल्बम का पुरस्कार मिला।

पुरस्कार जीतने के बाद, टंडन ने इंस्टाग्राम पर इस श्रेणी के सभी अन्य नामांकितों को बधाई दी, अपनी पूरी टीम की प्रशंसा की और अपने प्रशंसकों को धन्यवाद दिया। टंडन के साथ एल्बम '**त्रिवेणी**' में दक्षिण **अफ्रीकी बांसुरी वादक वाउटर केलरमैन** और **जापानी सेलो वादक इरु मात्सुमोतो** भी शामिल हैं।

**चंद्रिका टंडन एक वैश्विक व्यापार कार्यकारी है और उनकी छोटी बहन इंद्रा नूयी है, जो पेप्सिको की पूर्व सीईओ है। इससे पहले उन्हे 2009 मे सोल कॉल के लिए नामांकित किया गया था। इस वर्ष उन्हे यह पुरस्कार पहली बार मिला।**

**हमारे लिए यह सम्मान की बात है कि हमारे संयुक्त एल्बम 'त्रिवेणी' को ग्रैमी पुरस्कार मिला है। संगीत प्रेम है, संगीत हम सभी के भीतर प्रकाश प्रज्वलित करता है, और सबसे बुरे दिनों मे भी संगीत खुशी और हंसी फैलाता है। चंद्रिका टंडन, गायिका**

## जाकिर हुसैन की गुमनामी

समारोह में श्रद्धांजलि देने वालों की सूची में दिवंगत तबला वादक **जाकिर हुसैन** का नाम न होने से भारतीय प्रशंसक हैरान और परेशान हो गए। हालाँकि, उनका उल्लेख रिकॉर्डिंग अकादमी की वेबसाइट पर किया गया है, जो ग्रैमी पुरस्कार वितरित करती है। जाकिर ने चार ग्रैमी पुरस्कार जीते हैं। 15 दिसंबर को उनकी मृत्यु हो गई।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.